ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 20.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

स्वच्छता को ही अपनाना है
शाहजहाँपुर को नम्बर–1 बनाना है।

- उ0प्र0 सरकार के ऐतिहासिक विकास के स्वर्णिम 04 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 20.03.2021 को गाँधी भवन प्रेक्षागृह मे किया गया आयोजन।

उ0प्र0 सरकार के ऐतिहासिक विकास के स्वर्णिम 04 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 20.03.2021 को गाँधी भवन प्रेक्षागृह मे किया गया आयोजन। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार खन्ना मा0 वित्त,संसदीय शिक्षा चिकित्सा विभाग द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उ0प्र0 प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 04 वर्ष पूर्ण होने पर उ0प्र0 सरकार के 04 वर्षो की उपलब्धियों एवं सभी सरकारी योजनाओ के बारे विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाये दी एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित के लिये चलाई जा रही सरकारी योजनाओ के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराकर लोगो को जागरूक किया गया। गॉव–गॉव व घर–घर तक शौचालये बनाने का भी कार्य किया गया। मा मंत्री जी द्वारा कहा गया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा शाहजहाँपुर नगर में कचरे के निस्तारण हेतु ककरा में मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर बनाया गया एवं ककरा काकर कुंड स्थित जैव विविधता पार्क बनवाया गया,जिससे नगर कचरा मुक्त बन सके एवं नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सके,इसके साथ–साथ मा0 मंत्री द्वारा नगर के कराये जा विकास कार्यो को गिनाया गया। इस मौके पर मा0 मंत्री जी द्वारा नगर में दैनिक रूप से होने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील की कि अपने–अपने मोटर वाहन,कार को पार्किग स्थल पर खड़ा करे,जिससे नगर को जाम की समस्या से निजात मिल सके। इसके साथ ही मा0 मंत्री जी द्वारा सभी नगरवासियो से देश मे नगर निगम,शाहजहाँपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में प्रथम स्थान पर लाने हेतु अधिक से अधिक वोट करने व फीडवैक के दौरान पूँछे जाने वाले प्रश्नो के सकारात्मक उत्तर देने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा कराये गये विकास कार्यो की डाक्यूमेन्ट्री फिल्म प्रदर्शित की गई,जिसमें नगर मे हुये अनेकानेक विकास कार्यो को दिखाया गया। उ0प्र0 सरकार के ऐतिहासिक 04 वर्ष पूर्ण होने पर मा0 मंत्री जी द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना,दिव्यांग पेंशन,पीएम स्वनिधि योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। समारोह में सांसद महोदय श्री अरूण कुमार सागर, जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष श्री अरूण कुमार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव, श्री वैभव खन्ना आदि द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की नीतियो पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार व्यक्त किये गये। इस मौके पर गाँधी भवन प्रांगण में विभिन्न सरकारी योजना से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत कचरे के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गाँधी भवन परिसर में स्टॉल लगाकर होम कम्पोस्टिंग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती प्रेरणा शर्मा एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर उपाध्याय, जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष श्री अरूण कुमार गुप्ता पूर्व जिला पंचायत श्री वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता, एवं नगर के सम्भ्रान्त लोग तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 सुरेश मिश्रा द्वारा किया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।